दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 213 मुरादाबाद 30 November 2022 (Wednesday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम योगी के सख्त निर्देशों के बाद लोनिवि ने भरे 97 प्रतिशत सड़कों के गड्ढे, 13 जिलों में लक्ष्य पूरा



लखनऊ- प्रदेश में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) की सड़कों को गड्ढामुक्त करने का काम बीते शनिवार तक 97 प्रतिशत पूरा हो चुका है। लोनिवि ने 60,497.03 किलोमीटर सड़कों को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य तय किया था। इसके सापेक्ष 26 नवंबर तक विभाग 58,422.86 किलोमीटर सड़कों के गड्ढे भर चुका है। सड़कों के नवीनीकरण और विशेष मरम्मत के कार्य 53 प्रतिशत पूरे हुए हैं।

### कई जिले सड़कों को गड्ढामुक्त करने में फिसड्डी

सड़कों को गड्ढामुक्त करने के अभियान में मीरजापुर, देवरिया, औरैया, महाराजगंज, भदोही, गौतम बुद्ध नगर और मऊ अन्य जिलों की तुलना में फिसड्डी साबित हुए हैं। बीते शनिवार तक मीरजापुर व देवरिया में 84 प्रतिशत, औरैया में 87 प्रतिशत, महाराजगंज में 88 प्रतिशत, भदोही व गौतम बुद्ध नगर जिले में 89 प्रतिशत और मऊ में 90 प्रतिशत सड़कों को ही गड्ढामुक्त किया जा सका है।

### लोनिवि ने 13 जिलों में पूरा किया सड़कों को गड्ढामुक्त करने का लक्ष्य

प्रदेश के 13 जिलों में लोनिवि की सड़कों को गड्ढामुक्त करने का काम पूरा हो चुका है। उरई, बस्ती, संत कबीर नगर, कानपुर देहात, कन्नौज, रामपुर, अमरोहा, हापुड़, गाजियाबाद, सहारनपुर, चंदौली और अमेठी में गड्ढामुक्ति के लिए चिन्हित की गई शत-प्रतिशत सड़कें दुरुस्त कर दी गई हैं। सीतापुर में लक्ष्य से ज्यादा 103 प्रतिशत सड़कों के गड्ढे भरे गए हैं।

### सीएम योगी आदित्यनाथ ने दिए थे सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश

राज्य के औसत को देखते हुए मीरजापुर, गोरखपुर, प्रयागराज और आजमगढ़ मंडलों में गड्ढामुक्ति अभियान की प्रगति धीमी है। मीरजापुर मंडल में सड़कों को गड्ढामुक्त करने का काम 90 प्रतिशत, गोरखपुर में 93 प्रतिशत तथा प्रयागराज व आजमगढ़ मंडल में 95-95 प्रतिशत पूरा हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बारिश से खराब हुई सड़कों को 15 नवंबर तक सड़कों को गड्ढामुक्त करने का निर्देश दिया था। बाद में सड़कों को गड्ढामुक्त करने की समयसीमा 30 नवंबर तक बढ़ा दी गई थी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## पीएम मोदी पर कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की आपत्तिजनक टिप्पणी, भाजपा ने कहा- यह हर एक गुजराती का अपमान





नई दिल्ली, ऑनलाइन डेस्क। गुजरात विधानसभा चुनाव अब अपने अहम मोड़ पर आ गया है। नेताओं की तीखी बयानबाजी शुरू हो गई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी को लेकर आपत्तिजनक बयान दिया है। इस पर भाजपा की प्रतिक्रिया सामने आई है। मंगलवार को भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पीएम मोदी पर आपत्तिजनक टिप्पणी की है। गुजरात के बेटे (नरेन्द्र मोदी) के लिए इस तरह की भाषा का इस्तेमाल करना उचित नहीं है। पीएम मोदी पर की गई यह टिप्पणी निंदनीय है और यह कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाती है। यह सिर्फ पीएम मोदी का अपमान नहीं है। यह हर एक गुजराती का अपमान है। भाजपा नेता पात्रा ने कहा कि इस प्रकार की गाली-गलौज देश के प्रधानमंत्री के लिए करना उचित नहीं है। यह कांग्रेस की मानसिकता को दर्शाता है। साथ ही उन्होंने पूर्व में कांग्रेस नेताओं द्वारा पीएम मोदी पर की गई अभद्र टिप्पणी पर भी नाराजगी जताई। पीएम मोदी के चेहरे पर वोट मांगने पर कसा तंज- बता दें कि गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे थम जाएगा। सभी दलों ने अपनी ताकत झोंककर जीत के लिए धुआंधार चुनाव प्रचार किया है। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुजरात में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे पर वोट मांगने पर तंज कंसा है। इसको लेकर भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधा है।संवैधानिक पदों का विरोध करने पर उतर आई कांग्रेस- पूनावाला- भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस एक व्यक्ति का विरोध करते करते संवैधानिक पदों का विरोध करने पर उतर आई है। खरगे का पीएम मोदी के बारे में वक्तव्य संयोग नहीं वोट बैंक प्रयोग और उद्योग है।

## आखिरकार नफरत को पहचान ही लिया गया, इस्त्राइली फिल्मकार की टिप्पणी पर कांग्रेस का केंद्र पर हमला

कांग्रेस ने मंगलवार को द कश्मीर फाइल्स के इस्त्राइली फिल्म निर्माता नदव लापिड की टिप्पणी के बाद केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। कांग्रेस ने मंगलवार को द कश्मीर फाइल्स के इस्त्राइली फिल्म निर्माता नदव लापिड की टिप्पणी के बाद केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा के आखिरकार नफरत को पहचान ही लिया गया। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने ट्वीट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री मोदी, उनकी सरकार और भाजपा और उनके पूरे तंत्र ने द कश्मीर फाइल्स का प्रचार-प्रसार किया। इफ्फी द्वारा फिल्म को खारिज कर दिया गया। जूरी प्रमुख नदव लापिद ने इसे दुष्प्रचार, भद्दा करार दिया और इसे फिल्म महोत्सव के लिए अनुचित बताया। सुप्रिया ने कहा कि नफरत को आखिरकार नकारा ही जाता है।

### इस्त्राइली फिल्मकार ने द कश्मीर फाइल्स फिल्म को भद्दी बताया

गौरतलब है कि 53वें भारत अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (इफ्फी) के जूरी प्रमुख और इस्त्राइली फिल्मकार नदव लापिद ने हिंदी फिल्म



'द कश्मीर फाइल्स' को सोमवार को दुष्प्रचार करने वाली और भद्दी फिल्म बताया। इफ्फी 2022 के समापन समारोह को संबोधित करते हुए लापिद ने कहा कि फिल्म समारोह में इस फिल्म का प्रदर्शन किए जाने से वह परेशान और हैरान हैं।

### अनुपम खेर ने की निंदा

इस्त्राइल के फिल्म निर्माता नदव लापिड के बयान की निंदा करते हुए अनुपम खेर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर की है। अभिनेता ने लिखा, झूठ का कद कितना भी ऊंचा क्यों ना हो.. सत्य के मुकाबले में हमेशा छोटा ही होता है..।इतना ही नहीं अभिनेता ने न्यूज एजेंसी एएनआई से बातचीत करते वक्त कहा, %हम जूरी हेड और इस्त्राइल के फिल्म मेकर नादव लैपिड को सही तरीके से जवाब देंगे। यहूदी नरसंहार सही है तो कश्मीरी पंडितों का पलायन भी सही है। यह टूलकिट गैंग के एक्टिव होने के तुरंत बाद हुआ, लगता है प्री-प्लैंड था। उनके लिए इस तरह का बयान देना शर्मनाक है।

### फिल्म के बाद कश्मीर में हुईं सबसे ज्यादा हत्याएं- संजय राउत

आईएफएफआई के जूरी हेड की टिप्पणी का शिवसेना नेता संजय राउत ने समर्थन किया है। उन्होंने कहा, कश्मीर फाइल्स के बारे में उनका बयान सच है। यह एक दल का दूसरे दल के खिलाफ दुष्प्रचार था। एक पूरी पार्टी और सरकार इस फिल्म के प्रचार में व्यस्त थी,` बच्चे डर रहे थे, तब ये कश्मीर फाइल्स वाले कहां थे।

# मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से गांव में संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका

प्रेमचंद जायसवाल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मल्हीपुर के अंतर्गत काफी संस्था में लोगों ने वह बाढ़ पीड़ितों ने एक धरना प्रदर्शन किया था जिसमें मच्छर की दवा छिड़काव करने के भी पहल दी थी इस संबंध में पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रहलाद सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के लापरवाही पर ध्यान देते हुए अभी हाल ही में क्षेत्र वासियों द्वारा साफ सफाई व मक्षरो। की दवा का क्षीणकाव के लिए धरना प्रदर्शन के माध्यम से प्रशासन से मांग भी किया था लेकिन किसी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी द्वारा भी ध्यान नही दिया इस समस्या को लेकर मै अस्पताल जाकर पूछताछ किया तो और अपनी जांच करवाया तो जांच में डेंगू निकला लेकिन विभाग द्वारा किसी भी गाँव में मच्छरों के दवा का क्षीणकाव नही कराया इस संबंध में जनप्रतिनिधि प्रहलाद सिंह द्वारा प्रशासन जिला अधिकारी श्रावस्ती से मांग किया है कि बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से मच्छर की दवा का छिड़काव करवाने का कार्य कराने की मांग किया है ।

## ब्रजेश गोस्वामी थ्रोबाल सेकेंड रैंक एवं 100 मीटर रैली रेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया



सत्यम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बरेली माधबराव सिंधिया पब्लिक स्कूल में बार्षिक प्रतियोगिता खेलकूद प्रतियोगिता जोश 2022में विजयी प्रतिभागी बच्चों में कक्षा 7 के विद्यार्थी श्रेस्ठ ब्रजेश गोस्वामी थ्रोबाल सेकेंड रैंक एवं 100 मीटर रैली रेस में दूसरा स्थान प्राप्त करने पर सिल्वर मैडल और सर्टिफिकेट से मुख्य अतिथि अभिनेता हेमंत चौधरी पुरस्कार वितरित करने के साथ साथ उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनका हौसला अफजाई किया ।।

## प्राइवेट फाइनेंस कंपनियां कार्यालय खोले हुए हैं 2 गुना पैसा मिलेगा ऐसा कहकर भोली भाली जनता को लूट रही हैं ऐसी शिकायतें मिल रही है- राकेश कुमार सिंह

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - प्राइवेट फाइनेंस कंपनियां कार्यालय खोले हुए हैं 2 गुना पैसा मिलेगा ऐसा कहकर भोली भाली जनता को लूट रही हैं ऐसी शिकायतें मिल रही है अलीगढ़ में बाहर से आई प्राइवेट फाइनेंस कंपनियां दूना पैसा मिलेगा कह कर के जनता को जमकर लूट रही हैं यह मामले कई दिनों से सामने आ रहे हैं जनता लालच में आकर के फाइनेंस कंपनियों को उनके एजेंटों को पैसे दे रहे हैं बेवकूफ बना करके जनता को लालच देकर के पैसा बटोरने में लगी हुई है पैसा इकट्ठा होता है उसके बाद कंपनियां रफूचक्कर हो जाती हैं ऐसी कंपनियों से जनता से सावधान रहने के लिए कहा है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहां है कि प्राइवेट फाइनेंस कंपनी अलीगढ़ में



जगह-जगह कार्यालय खोले हुए हैं डीएम एवं कमिश्नर से आग्रह किया जाता है ऐसी कंपनियों को चिन्हित किया जाए जो जनता को बेवकूफ बना करके लूट रही है भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने यह भी कहा है कि इन कंपनियों के एजेंट गांव में शहरों में घूम रहे हैं जो पैसा कलेक्ट करते हैं इन एजेंटों के पास फर्जी किताबें होती है रशीदा होती हैं पूरा विश्वास दिलाते हैं और अलीगढ़ की जनता विश्वास में आ जाती है जहां करोड़ों रुपया इकट्ठा हुआ कंपनियां किराए के मकान को एवं वेल्डिंग को छोड़कर फरार हो जाते हैं ऐसी कंपनियों से अलीगढ़ की जनता को सावधान रहने के लिए कहा है फाइनेंस कंपनियों के लुटेरे समझ ले उत्तर प्रदेश में माननीय योगी आदित्यनाथ की सरकार है भ्रष्टाचार रिश्वतखोरी अलीगढ़ में नहीं चलेगी पूरी यूपी में नहीं चलेगी जिलाधिकारी अलीगढ़ से कहा है कि फाइनेंस कंपनियों की जितनी भी शाखाएं खुली हुई है उनकी जांच कराएं और इनके कंपनियों की फाइलें एवं कंपनी के कागज जप्त करें

# नेतृत्व क्षमता संचार कौशल एवं लैंगिक समानता दो दिवसीय ब्लॉक सभागार जमुनहा में प्रशिक्षण

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- श्रावस्ती विकासखंड जमुनहा के मुख्यालय सभागार में महिला प्रधान का नेतृत्व क्षमता संचार कौशल एवं लैंगिक समानता प्रशिक्षण दो दिवसीय कराया गया इस मौके पर अशोक कुमार शर्मा डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ,व आशुतोष दुबे ब्लॉक कोऑर्डिनेटर, अंजनी कुमार मिश्रा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ,पूजा सिंह व संतोष बाल्मीकि, चंद्रमणि शुक्ला ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ,अंजनी शुक्ला, दिग्विजय सिंह सहायक विकास अधिकारी जमुनहा के द्वारा ग्राम पंचायत में पंचायत सहायक के पद



पर कार्यरत महिला 11 व ग्राम महिला प्रधान 38 को दो दिवसीय प्रशिक्षण 29/11 /2022 से 30/11 /2022 तक दिया जा रहा है तथा इन महिलाओं को समाज में अन्य लोगों को जानकारी देना है जो क्षेत्र व ग्रामीण में रहने वाली महिलाएं भी जागरूक हो सके और उन्हें महिलाओं को विद्वत जानकारी प्राप्त हो सके इस संबंध में पूजा सिंह ने महिलाओं को बताया कि आपको जिस का प्रशिक्षण दिया जा रहा है उसको अपने ग्राम पंचायत में सभी महिलाओं को जाकर जागरूक करें जिससे महिला भी जागरूक हो सके और उसका शोषण ना हो सरकार की मनसा अनुरूप प्रशिक्षण ब्लॉक सभागार में दिया जा रहा है और आप लोग भी हर गांव के महिलाओं को जागरूक कर सभी जानकारी प्रदान करें।

## गोपी पर हुये बवाल में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



अलीगढ़ -अकराबाद - थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह गोपी नेशनल हाईवे के निकट सैकड़ों वर्ष पुराने मंदिर की जमीन पर मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर दो पक्ष आमने सामने आगये थे। दोनों पक्ष के लोगों में जमकर लाठी डंडे चल गये थे। मामले में कोतवाल एम.पी.सिंह ने बताया है कि छोटू पुत्र रामखिलाड़ी गुप्ता निवासी गोपी की तहरीर पर प्रदीप,कुंदन,बबलू, पुत्रगण राजकुमार, पारस,अश्विनी, पुत्रगण ध्यानपाल,राजकुमार, ध्यानपाल,कुवंर पाल उर्फ मुखिया पुत्रगण महेंद्र सिंह, पिंटू पुत्र गंगा राम,भानू प्रकाश उर्फ भोले पुत्र मुरारीलाल निवासीगण चांदपुर, वहीं दूसरे पक्ष राजकुमार सिंह की तहरीर पर लवकुश पुत्र महेश, चंचल पुत्र राजेंद्र सिंह, महेश पुत्र महेंद्र सिंह, राजेंद्र पुत्र श्याम सिंह, नेमसिंह पुत्र चंदन सिंह, मोहन पुत्र रविन्दरसिंह,कन्हैया पुत्र प्रमोदसिंह निवासी गण चांदपुर गोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में कोतवाली के वरिष्ठ उपनिरीक्षक जनमेदसिंह, सिपाही संजय कुमार व प्रदीप कुमार ने तीन आरोपितों लवकुश,कन्हैया, नागेंद्र उर्फ चंचल को जेल भेजा है।

## एक बच्चे की मां प्रेमी संग हुई फरार

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - दादों थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला की शादी करीब दस साल पूर्व हुई थी उसका सात साल का बेटा है रिश्ते के देवर से उसकी आंखें चार हो गई काफी समय तक दोनों फोन पर बातें करने लगे बातें बातें में इश्क परवान चढ़ने लगा दोनों छुप-छुपकर मिलने लगे बीते दिन विवाहित अपने प्रेमी के साथ चली गई विवाहिता के पति ने बताया कि महिला घर में रखे करीब एक लाख रुपए ब सारे जेवरात लेकर गई है कई दिनों से तलाश कर रहा हूं लेकिन कहीं भी सुराग ना मिलने पर थाने में तहरीर दी है

## आदर्श समाज सेवा समिति ने किया चिकित्सक डॉ विवेक गुप्ता को सम्मानित

प्रेमचंद जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- सम्मान आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को समाजसेवी संस्था आदर्श समाज सेवा समिति द्वारा जनपद श्रावस्ती के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवा मे सम्मान समारोह व गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा प्रभारी चिकित्साधिकारी पीएचसी सोनवा डॉ विवेक गुप्ता को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मान गोष्ठी को इसके अतिरिक्त समिति महामंत्री जगराम वर्मा, प्रवक्ता बनारस गिरि, उपाध्यक्ष श्याम कुमार सिंह ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम मे इसके अतिरिक्त चिकित्सक उग्रसेन वर्मा,



विपिन ओझा, फार्मेसिस्ट सहदेव मिश्रा सहित कार्यरत समस्त स्टॉफ नर्स, एएनएम व आशा बहुओं व उपस्थित मीडिया कर्मियों को भी अंगवस्त्रम व प्रशस्ति पत्र देकर समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सहदेव मिश्रा, महिपाल चौरसिया, रजनी देवी, प्रीति पाठक, नाजनी, पत्रकार अरुण त्रिपाठी, गोपी सहित समस्त अस्पताल कर्मचारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## सोने की ईंट खरीदने आए फौजी से एक लाख की नकदी ठगने के मामले में पुलिस ने दो शातिरों को जेल भेजा

लवकुश ठाकुर -दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ -हरदुआगंज - बता दें कि, शातिरों ने आगरा के मुकिन्दपुरा थाना बासौनी निवासी अमित उर्फ भोलू पुत्र प्रहलाद सिंह से फोन पर संपर्क कर सोने की ईंट आधे रेटों में बेचने का लालच दिया था, जिस पर अमित अपने भाई अरुण व साथी आदित्य निवासी पुरा भदौरिया थाना खेरा राठौर आगरा के साथ शातिरों के बताए स्थान गांव अलहदादपुर की पुलिया पर पहुंचे थे, जहां मिले चार शातिर उन्हें नकली पीली धातु थमा कर एक लाख रुपये लेकर भागने लगे, जिन्हें अमित व उसके साथियों ने दो शातिर सकील व अकील पुत्रगण चांद खां निवासी ईकरी थाना महुआखेड़ा को दबोच लिया। एसएचओ ने बताया कि दोनों शातिरों को जेल भेजा है।

# पुलिस मुठभेड़ में घायल हुए बजरंग दल नेता के हत्यारोपी, बिलाल और अतुल को टांग में लगी गोली




मुरादाबाद-ठाकुरद्वारा के शांति नगर वाल्मीकि बस्ती निवासी बजरंग दल के प्रखंड संयोजक विशाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या करने के बाद भागे आरोपी बिलाल और अतुल शर्मा को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में बजरंग दल के प्रखंड संयोजक विशाल उर्फ एकॉन रायकोटी की हत्या करने के बाद भागे आरोपी बिलाल और अतुल शर्मा को पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया। भोजपुर थानाक्षेत्र में ढेला नदी के पास मंगलवार सुबह हुई मुठभेड़ में बिलाल और अतुल को टांग में गोली लगी हैं। जबकि इस दौरान एक दरोगा भी घायल हो गया। घायलों को भोजपुर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी ने भी मौका मुआयना किया। डीआईजी ने एक दिन पहले ही दोनों पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। ठाकुरद्वारा के शांति नगर वाल्मीकि बस्ती निवासी बजरंग दल के प्रखंड संयोजक विशाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के समय वह अपने निर्माणाधीन मकान को देखने के लिए जा रहा था। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिये हत्यारोपी की पहचान पसियापुरा पदार्थ निवासी बिलाल के रूप में हुई थी। पुलिस ने पिता की तहरीर पर बिलाल, कमालपुरी निवासी अतुल शर्मा और गोलू माफिया के खिलाफ केस दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस ने गोलू को गिरफ्तार कर लिया था। डीआईजी शलभ माथुर ने हत्यारोपी बिलाल और अतुल शर्मा पर 50-50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। संदीप कुमार मीना ने बताया कि मंगलवार सुबह बिलाल और अतुल शर्मा भोजपुर क्षेत्र में ढेला नदी के पास मौजूद थे। पुलिस टीम ने उन्हें पकड़ने की कोशिश की तो दोनों फायरिंग कर भागने लगे।

इसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की। जिसमें बिलाल और अतुल की टांग में गोली लगी और मौके पर ही गिर गए। इस दौरान भागदौड़ में एक दरोगा सड़क पर गिरकर घायल हो गया। दोनों बदमाशों और दरोगा सोहनपाल सिंह को भोजपुर स्थित सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एसएसपी हेमराज मीना ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके बाद अस्पताल पहुंचकर बदमाशों से पूछताछ की।

# उप मुख्यमंत्री Keshav Prasad Maurya ने मुरादाबाद के अमृत सरोवर में किया नौका विहार, बांटे पीएम आवास

मुरादाबाद।- रामपुर उपचुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना के समर्थन में जनसभा करने के बाद सोमवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य मुरादाबाद पहुंचे। यहां भदासना गांव के अमृत सरोवर में मोटर बोट की सवारी की।

### अमृत सरोवर की व्यवस्थाएं देख गदगद हुए उपमुख्यमंत्री

उप मुख्यमंत्री अमृत सरोवर की व्यवस्थाएं देखकर गदगद हुए। इसके साथ ही उन्होंने मुरादाबाद में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को घरों की चाबी भी सौंपी। महिला सखी के रूप में काम करने वाली महिलाओं को चेक दिए। मूंढापांडे ब्लाक की ग्राम पंचायत भदासना में हवाई अड्डे की तरफ जाने वाले रास्ते पर अमृत सरोवर बनाया जा रहा है। तालाब के चारों ओर का काम कराकर पानी की व्यवस्था करा दी गई है। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दोपहर एक बजे हवाई जहाज से हवाई अड्डे पर पहुंचे। सड़क मार्ग से रामपुर पहुंचे। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद लौटकर उपमुख्यमंत्री भदासना गांव के अमृत सरोवर पहुंचे।

### मोटर बोट से अमृत सरोवर का किया निरीक्षण

वहां उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री



आवास के लाभार्थियों को घरों की चाबी सौंपी। वीसी सखी के तौर पर काम करने वाली समूह की महिलाओं को चेक वितरित किए। इसके बाद उपमुख्यमंत्री ने अमृत सरोवर का मोटर बोट में बैठकर निरीक्षण भी किया है।

### उपमुख्यमंत्री के साथ ये नेता रहे मौजूद

उपमुख्यमंत्री के साथ वोट में राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, महापौर विनोद अग्रवाल, एमएलसी गोपाल अंजान, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बाल संरक्षण अधिकार आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. विशेष गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह चौहान, भाजपा नेता रामवीर सिंह, ब्लाक प्रमुख नवदीप यादव भी थे।

### उपमुख्यमंत्री ने सपा, बसपा, कांग्रेस पर बोला हमला

उपमुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान सपा, बसपा, कांग्रेस पर निशाना साधा। कहा कि पहले की सरकारें गरीबों को गरीब रखना चाहती थीं। भाजपा सरकार में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम कर रही है। उपमुख्यमंत्री ने मूंढापांडे ब्लाक क्षेत्र गुलनाज बी का उदाहरण देते हुए कहा कि उन्होंने वीसी सखी बनकर सरकारी सहायता से दो वर्ष में सखी बैंक से दो करोड़ रुपये का लेनदेन किया।इस मौके पर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, परियोजना निदेशक, डीआरडीए सतीश प्रसाद मिश्र, एसपी ट्रैफिक अशोक कुमार, ब्लाक प्रमुख डा. नवदीप यादव, विक्की ठाकुर, ग्राम प्रधान योगेश कुमार तोमर, रामकिशोर लोधी, बीडीओ श्रद्धा गुप्ता, एडीओ सुनील कुमार, एडीओ भूपेंद्र सिंह, जय सिंह आदि मौजूद रहे।

### सरकार की मंशा के अनुसार काम करें अफसर

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मूंढापांडे एयरपोर्ट के सभाकक्ष में ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास, ग्रामीण अभियंत्रण खाद्य प्रसंस्करण, मनोरंजन कर, सार्वजनिक उद्यम एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए लाभार्थी चयन में पूरी पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता आरईएस को रोड निर्माण का कार्य समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# जयमाल के स्टेज पर दूल्हे की हरकत से नाराज होकर दुल्हन बोली, मैं न करूंगी इससे शादी

संभल- दूल्हे की एक हरकत ने उसकी शादी में खलल डाल दी। सात फेरे तो नहीं हुए लेकिन, पुलिस थाने के चक्कर जरूर लग गए। मामला उत्तर प्रदेश के संभल जिले के पंवासा का है। बदायूं जिले के दूल्हे ने जयमाल के बाद ही दुल्हन के साथ अश्लील हरकत कर दी। इससे नाराज होकर दुल्हन स्टेज से उतर गई और बोली, मैं इससे शादी नहीं करूंगी।

### विवाद होने पर पुलिस दोनों पक्ष को थाने ले गई

इसके बाद दोनों पक्ष में विवाद हो गया। विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और दोनों पक्ष के लोगों को थाने ले गई। वहीं दोनों पक्ष में समझौते का प्रयास चल रहा है। लड़के वालों ने लड़की पक्ष पर घर में बंद कर 10 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया है।

### बदायूं से आई थी बरात

संभल के बहजोई थाना क्षेत्र के कस्बा पवांसा निवासी ने अपनी बेटी की शादी जनपद बदायूं के थाना बिल्सी निवासी युवक के साथ तय की थी। सोमवार की शाम को बरात पवांसा आयी थी। कार्यक्रम के दौरान बराती और रिश्तेदारों ने खाना खाने के बाद बैंडबाजे के साथ धूमधाम से बरात चढ़त शुरू कर दी।

### जयमाल के समय दोस्तों ने दूल्हे को गोद में उठाया

युवती पक्ष की ओर से बताया गया कि बरात चढ़त के बाद देर रात को करीब 12 बजे जयमाल का कार्यक्रम हुआ, जिसमें पंडाल में स्टेज पर दुल्हन दूल्हे के गले में जयमाला डालने को हुई तभी दूल्हे के दोस्तों ने दूल्हे को गोद में उठा लिया, जिस कारण दुल्हन जयमाल नहीं डाल पायी।

### स्टेज पर दूल्हे ने दुल्हन के साथ की अश्लील हरकत

बाद में ग्रामीणों और रिश्तेदारों के समझाने के बाद दूल्हा दुल्हन ने एक दूसरे को जयमाला पहनाई। जयमाला डालने के बाद दूल्हा-दुल्हन कुर्सी पर बैठ गए। आरोप है कि कुछ समय बाद ही दूल्हे ने बरातियों और लड़की पक्ष के लोगों के सामने स्टेज पर दुल्हन के साथ अश्लील हरकत करना शुरू कर दिया।

### दुल्हन ने शादी से किया इनकार

दूल्हे की हरकत से नाराज होकर दुल्हन स्टेज से उतर आयी और शादी करने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। विवाद की सूचना पर डायल 112 पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और जहां दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया, लेकिन पुलिस टीम जाने के कुछ समय बाद फिर से दोनों पक्षों में झगड़ा शुरू हो गया।

### दूल्हे ने लड़की वालों पर बंधक बनाने का लगाया आरोप

इस पर दूल्हे पक्ष ने फिर डायल 112 पुलिस टीम को सूचना दी और लड़की पक्ष के द्वारा घर में बंद कर 10 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाया। दोबारा सूचना मिलने पर पुलिस टीम फिर से मौके पर पहुंच गई और दूल्हे व दुल्हन के पिता समेत चार लोगों को हिरासत में कर थाने ले गई। जहां मंगलवार को दोनों पक्ष के लोगों में समझौते का प्रयास चल रहा था।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

इस समाचार पत्र में सभी जन अवैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Mahadev Vs Allah!

Hardly any election in India is completed without Hindu-Muslim. Political parties have different methods of appeasement and polarization on this issue. With the Gujarat elections currently in full swing, the voters are also divided on communal lines. Such are the findings of various surveys and poll experts. BJP is completely in the election field with the support of extreme Hindutva. Prime Minister Modi has directly linked Muslim appeasement with terrorism and is also mentioning old incidents in his addresses. The country's Home Minister Amit Shah, referring to the Godhra riots of 2002, has claimed that we have taught them such a lesson that after that no riots and curfew have been seen in Gujarat. It is for these reasons that most of the Muslim voters are mobilizing against the BJP. However, this will not affect the mandate much, as Muslims have traditionally voted against the BJP, especially since the 2002 riots. More or less 12-15 percent Muslims have started voting in favor of BJP. This sign is also very important. The BJP has been continuously winning elections in Gujarat since 1995 and is in power. This time the BJP has made some more Hindutva resolutions through its election manifesto. For example, Uniform Civil Code will be implemented. A law will be made to confiscate the property of the rioters. An anti-radicalization cell will be formed in the jail. A strict ban on conversion will be pasted. Not only this, BJP will also do the work of spreading important awareness on Hinduist issues among a section of Gujarat voters. Neither the Congress nor the 'Electoral Hindutva' of the Aam Aadmi Party (AAP) can match the BJP's strategy in Gujarat. More or less, the Congress has taken a different and strange route of Muslim mobilization and appeasement. Congress leader Chandan Thakor has given a statement that if anyone can save the country, then only Muslims can." Congress candidate from Rajkot East Indranil Rajguru believes- "Allah is sitting in Gujarat's Somnath and Rajasthan's Ajmer Sharif Lord Mahadev is seated in the dargah.' We do not understand what secular unity is this? What kind of communal harmony is this? Will Congress now also compare corporeal and formless religious beliefs? On one hand, such communal slogans are being raised from the stage and on the other hand, senior Congress leader Rahul Gandhi is being shown worshiping in the temple. How much and what electoral strength this contradiction will give to the Congress is beyond our understanding. Owaisi's Muslimist Party is also in the fray. It is surprising that Congress spokespersons are raising the issue of 1940-42 in TV channel debates that the Hindu Mahasabha had formed a coalition government with the Muslim League and Dr. Syama Prasad Mookerjee was the Deputy Chief Minister. Why do they forget the political equation of 2022 that the Indian Union Muslim League is an ally of the Congress in Kerala. This alliance has continued for decades and the face of the Muslim League has been a minister in the Congress-led UPA government as well. The question is not of the Muslim League. The comparison is between Mahadev and Allah, which is wrong from any point of view and opinion-sect-faith. Congress leaders are giving statements even today that the minorities have the first right on the country's resources. The minorities are more or less not Muslims. There are Jains, Buddhists and others.

# Moving In With Malaika Promo: Promo of Malaika Arora's reality show released, know when the show will stream

Actress Malaika Arora, who has been in limelight for her hot and bold avatar, after showing off her dance moves in films and songs, is now coming up with a reality show in which she will be seen interacting with the guest on the show. The promo of her show has been released on Tuesday, in which her glamorous style is attracting fans like every time. At the same time, Malaika is first introduced in the promo as a top actress, but she objects to this and later she is introduced to many other names as well, but she objects to them. And finally, giving information about the show in her own style, she tells that it is a reality show, so tell the truth about it – there will be many talks about friends, ex-friends in the show. The show will be telecast in 16 episodes. As per reports, the reality show will be telecast in 16 episodes where Malaika will be seen searching for answers to questions related to her personal-professional life along with her friends, family as well as many other guests in the thrilling series. This reality show will stream on the OTT platform Disney Plus Hotstar from Monday-Thursday from December 5, 2022. Let us tell you that earlier Karan Johar's reality show Koffee with Karan Season 7 was streamed on Disney Plus Hotstar, where Karan Johar While talking to many celebs on the couch, the secrets of their personal life were exposed. These stars attended- Reality show Janhvi Kapoor, Sara Ali Khan, Shahid Kapoor, Kiara Advani, Aamir Khan, Kareena Kapoor Khan, Gauri Khan, Ananya Pandey, Vijay Deverakonda, Varun Dhawan, Kriti Sanon, Samantha Ruth Prabhu, Akshay Kumar, Stars like Ranveer Singh, Alia Bhatt participated. Won the hearts of fans with dance performance- Let us tell you that Malaika Arora was recently seen in the special song Aap Jaisa Koi in Ayushmann Khurrana's film An Action Hero. In this special song, she is giving her steamy performance while dancing on stage with Ayushmann Khurrana.



# From Pakistan to Britain, how was the reaction abroad on the film 'The Kashmir Files'

Vivek Agnihotri's film 'The Kashmir Files' did a lot of business at the box office. When this film was released, during that time there was a lot of controversy regarding its story. It was being said that only one side has been shown in this film. However, in spite of all this, this film had earned a lot. Now once again the controversy regarding 'The Kashmir Files' has heated up. In fact, Israel's film maker Nadav Lapid has called Vivek Agnihotri's directorial film 'The Kashmir Files' as 'vulgar' in one of his statements, after which the debate started on social media. So let us tell you that when this film was released, what was the reaction of which countries about it. Pakistan- When the story of a film is related to Kashmir, then it is bound to have the name of Pakistan indirectly. When The Kashmir Files was released, there were mixed reactions from different countries. The film received a mixed response from the audience in Pakistan as well. Some people said that the people of Kashmir should be left to live as they want. So there some people said that such films are being made to tarnish the image of Muslims all over the world. Singapore- After the Corona epidemic, The Kashmir Files earned a lot of money in cinema halls. But the film was banned in Singapore. Regarding this film, Singapore authorities said that the film was 'beyond Singapore's film classification guidelines'. However, later the censor of this film was approved there. America - The Kashmir Files was liked in America. According to the information, film director Vivek Ranjan Agnihotri was hired by the US state of Rhode Island to produce the film. Was also honored. Also, after watching the film, the US state has officially accepted after 32 years that the genocide of Kashmiri Pandits took place in Kashmir.



# भारतीय मीडिया फाउंडेशन का बनारस में स्थित संपन्न हुआ

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा- एक भव्य कार्यक्रम भारतीय मीडिया फाउंडेशन का चिरईगांव स्थित संपन्न हुआ इस कार्यक्रम में देश के कोने कोने से मीडिया अधिकारी मौजूद थे सभी का सम्मान और सभी का परिचय भी हुआ और आगे कई प्रांतों में कार्यक्रम की रूपरेखा भी तय हुई दिसंबर में बिहार पटना गांधी मैदान में एक और बड़ा कार्यक्रम होना निश्चित हुआ है इस कार्यक्रम के जरिए भारतीय मीडिया फाउंडेशन एक संदेश दिया इस दौर में जिस दौर में मीडिया और सामाजिक कार्यकर्ताओं पर उत्पीड़न अत्याचार लगातार बढ़ता जा रहा है इसके विरुद्ध अगर कोई लड़ सकता है देश में तो वह भारतीय मीडिया फाउंडेशन है भारतीय मीडिया के संस्थापक एके बिंदुसार जी बधाई के पात्र हैं और जो कार्यक्रम में आए हुए दूर-दूर से लोग थे उनको तहे दिल से बनारस जोन के पदाधिकारियों ने स्वागत किया इस कार्यक्रम में एक पहचान के साथ कार्यक्रम का शुरुआत हुई उसके बाद सारनाथ भ्रमण हुआ और वहां पर भी बौद्ध स्तूप के पास बैठकर आगे के कार्यक्रमों में और आगे भारतीय मीडिया फाउंडेशन कैसे पत्रकारों का और सामाजिक कार्यकर्ताओं का सम्मान और अधिकार की लड़ाई लड़ सकता है इस पर विचार से चर्चा हुई और इस कार्यक्रम में अगर एक व्यक्ति का नाम ना लिया जाए जिसका नाम आदिल है उसने पूरी मेहनत के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा योगदान दिया वैसे योगदान तो सभी का था लेकिन आदिल जी का योगदान विशेष था और सबसे बड़ी खूबसूरती यह थी इसके फोरम है सभी फोरम के पदाधिकारी मौजूद थे और कार्यक्रम भी बेहतर तरीके से सफलतापूर्वक चला और इस कार्यक्रम के बाद जैसे होड़ सी लगी हुई है भारतीय मीडिया फाउंडेशन में जुड़ने के लिए लेकिन भारतीय मीडिया फाउंडेशन किसी पार्टी का संगठन नहीं है या संगठन पत्रकारों का है और सामाजिक कार्यकर्ताओं का है कई संगठन में जुड़ने से पहले आपको पार्टी का त्याग करना होगा कुल मिलाकर देश का नंबर वन संगठन बन गया है भारतीय मीडिया फाउंडेशन कार्यक्रम में आए हुए सभी साथियों का हार्दिक स्वागत और अभिनंदन और भविष्य में यह संगठन देश की दिशा और दशा तय करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा

# चोरी के आरोपों में स्कूल से निष्कासित पूर्व चौकीदार निकला घटना का मास्टरमाइंड



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा पुलिस ने 12 दिन पूर्व हुई शिक्षक के घर चोरी का किया खुलासा, चोरी की लाइसेंसी रिवाल्वर, कारतूस सहित 12 लाख के जेवरात किये बरामद,एक आरोपी किया गिरफ्तार, एटा एसएसपी उदयशंकर सिंह ने पुलिस टीम को ?5000/ का दिया पुरस्कार, चोरी के आरोपों में स्कूल से निष्कासित पूर्व चौकीदार निकला घटना का मास्टरमाइंड, आरोपी शातिर चोर टिंकू ने अपने साले विनय को भेजा था चोरी किये गए सोने चाँदी के जेवरात बेचने, तभी पुलिस ने मालगोदाम रोड़ से चोरी के लाखों के जेवरात सहित धर दबोचा, थाना कोतवाली नगर के शांतिनगर का मामला।*

# गांव मोती की सराय में अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर की लाखों की चोरी



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद के थाना मारहरा क्षेत्र के गांव मोती की सराय में बीती रात अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर लाखों की की चोरी की घटना को अंजाम दे डाला। मिली जानकारी के अनुसार गांव निवासी चरनसिंह सोमवार की रात्रि परिवार के अन्य सदस्यों के साथ घर के बरामदे में सो रहे थे। मध्यरात्रि के बाद अज्ञात चोरों ने खेत की ओर से कमरे में नकब लगा लिया और कमरे में दाखिल हो गये। अंदर रखी अलमारी में से सोने की चार चूड़ी, एक टीका, एक कुंदनी, दो पाजेब, एक जंजीर, एक अंगूठी और 20 हजार की नगदी निकाल ले गए। गृह स्वामी की जब सुबह आंख खुली तो वह देखता रह गया। घटना की सूचना मारहरा थाने में दी गई। पुलिस हरकत में आ गई और उसके बाद घटनास्थल पर पहुंच गई। सीओ सदर संगमलाल मिश्रा के अलावा मारहरा एसओ सत्यपालसिंह ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। इस दौरान डॉग स्क्वायड और फील्ड यूनिट की टीम भी मौके पर पहुंच गई और वहां से नमूने संग्रहित किये। एसओ ने बताया कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# पशु चिकित्साधिकारी ने पवांस गौशाला का किया निरीक्षण



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने सूचित किया है दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार भूसा ताले में बंद कर पराली से चला रहे काम के क्रम में पशु चिकित्साधिकारी लालगढी द्वारा आज प्रातः 10:30 बजे अस्थायी गो आश्रय स्थल-पवांस का स्थलीय निरीक्षण किया गया। पशु चिकित्सा अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि आश्रय स्थल में 79 गोवंश संरक्षित है। आश्रय स्थल में भूसा पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है एवं गौशाला मैं सुरक्षित गोवंश केयरटेकर द्वारा चारागाह में चराये जाती है। गौशाला पर पराली उपलब्ध नही है, यह प्रकाशित कथन निराधार है एवं एक बछडा दो दिन से बीमार था, जिसका चिकित्सीय उपचार किया गया है एवं वह पूर्ण रूप से स्वस्थ है। आश्रय स्थल में संरक्षित सभी गोवंश स्वस्थ है। आश्रय स्थल में भूसा, चारा,पानी आदि की पर्याप्त व्यवस्था है।

# अनाथ बच्चों के साथ राशन डीलर द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की खबर जांच में निराधार पाई गई

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिला पूर्ति अधिकारी कमलेश कुमार गुप्ता ने सूचित किया है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित खबर ग्राम पंचायत लालपुर कल्याणपुर के अनाथ बच्चों को राशन डीलर संजीब कुमार द्वारा राशन न देकर भगा दिया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार किया गया, का संज्ञान लेते हुये प्रकरण की स्थलीय जॉच पूर्ति निरीक्षक सदर से करायी गयी। मौके पर ग्रामवासियों की उपस्थिति में सुश्री अंशु पुत्री राजू से पूछताछ की गयी और उनके बयान दर्ज किये गये। ग्रामवासियों की उपस्थिति में सुश्री अंशू द्वारा बताया गया कि उनके पिता के नाम से जारी राशन कार्ड पर वह राशन लेने के लिये डीलर संजीव कुमार की उचित दर दुकान पर गयी थी, उस दिन उनका अंगूठा ई-पॉस में मशीन मैच न होने के कारण डीलर द्वारा राशन देने हेतु अगले दिन बुलाया गया। डीलर द्वारा पिता के नाम जारी राशन कार्ड पर पूरा राशन दे दिया गया है। डीलर द्वारा उनके साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार या मारपीट नहीं की गयी। सुश्री अंशु द्वारा मौके पर दिये गये बयान का अन्य ग्रामवासियों द्वारा समर्थन दिया गया। इस प्रकार सोशल मीडिया पर प्रसारित उक्त समाचार तथ्यात्मक न होने के कारण निराधार है

# आरोप भी साबित नहीं कर पाई खाकी

योगेश मुदगल-दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कोतवाली देहात में सिपाहियों पर पिटाई करने की रिपोर्ट दर्ज हुई थी। विवेचना में मामला झूठा पाया गया और इसमें एफआर लगा दी गई है। दूसरी एफआईआर एक सिपाही पर दुष्कर्म करने की दर्ज हुई थी। जिसमें विवेचना प्रचलित है और दस से अधिक पर्चे कट चुके है। 2300 कारतूस मामले में बदलती रही विवेचना- एटा। कोतवाली नगर से 2300 कारतूस गायब हुए थे। इस मामले में हैड मोहर्रर विजय सिंह ने कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले की विवेचना इंस्पेक्टर क्राइम को सौंपी गई थी। विवेचना लगातार बदलते रहने के कारण इसमें पता नहीं चल सका। मामले में क्या कार्रवाई हुई। ग्रामीणों की पिटाई पर कोतवाल पर हुई थी कार्रवाई- एटा। निधौलीकलां क्षेत्र में पुलिस पर ग्रामीणों ने पिटाई का आरोप लगाया था। पुलिस पर ग्रामीणों के पीटने का आरोप लगा था। मामले में एसएसपी ने कार्रवाई करते हुए थानाप्रभारी, दरोगा को हटाया था। जांच एएसपी को सौंपी गई थी। निधौलीकलां पुलिस कहती है मामले की जांच एएसपी कर रहे है। एटा, अपराध भी हुआ, खाकी पर इल्जाम भी लगे और मामले में रिपोर्ट भी दर्ज हुई। कोतवाली देहात में पुलिसकर्मियों पर दो मामले दर्ज हुए थे। इसमें एक मामले में एफआर लग चुकी है तो वही दूसरे मामले में विवेचना प्रचलित है। महीनों बाद भी पुलिस किसी भी नतीजे तक नहीं पहुंची। कोतवाली नगर में कारतूस गायब होने के मामले में विवेचना लगातार ट्रान्सफर होने के कारण उसमें भी सही तरह से जांच नहीं हो पाई है। जैथरा में कई साल रायफल चोरी के पुराने मामले में रिपोर्ट दर्ज हुई उसमें भी विवेचना प्रचलित ही है।

# जनशिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए प्राथमिकता के आधार पर निराकृत करने जिला अधिकारियों को निर्देश

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उपलब्धियों और जनशिकायतों एवं जनसमस्याओं के प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने तीन माह से पहले के और तीन माह के बाद के प्रकरणों को वर्गीकृत कर प्राथमिकता के साथ गंभीरता से निराकृत करने के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा के कार्यों का सामाजिक अंकेक्षण के समय विभागीय अधिकारियों को अभिलेख के साथ अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने कहा। उन्होने पंचायत सचिवों एवं रोजगार सहायको के विरूद्ध अनियमितता, अनुशासनहीनता, फर्जी आहरण, फर्जी मस्टर रोल आदि की शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कराने और शिकायत सही पाए जाने पर उनकी सेवा समाप्त करने के निर्देश दिए। इसी तरह शालाओं में लगातार लंबे समय तक अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों को भी निलंबित करने के निर्देश दिए। उन्होने ऐसे प्रकरण जिनका निराकरण जनपद स्तर पर नहीं होगा उसे अपने अभिमत के साथ उच्च विभाग को अग्रेषित करने सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोधन न्याय योजना के तहत गौठानों में गोबर खरीदी, कम्पोस्ट निर्माण एवं उठाव की जनपदवार समीक्षा की। उन्होंने रबी फसलों के लिए लक्ष्य बनाकर गौठानों से खाद का उठाव कराने कृषि विभाग को निर्देश दिए। इसके साथ ही वन, उद्यानिकी एवं अन्य विभागों तथा किसानों से भी खाद का उठाव कराने कहा। रोगन कराने कहा। सेजेस के लिए प्रस्तावित विद्यालयों में पेंड्रा, धनौली, कोटमी, भर्रीडांड एवं सिवनी शामिल है। समीक्षा के दौरान अविवादित नामांतरण का निराकरण, नक्शा नवीनीकरण, नक्शा बटांकन, जर्जर शाला भवनों का विघटन एवं नवीन भवन का प्रस्ताव, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, आयुष्मान कार्ड, केसीसी एवं ई-केवाईसी, आंकलन शिविर के माध्यम से नि:शक्तजनों का सत्यापन, जल जीवन मिशन एवं जलशक्ति अभियान के तहत चल रहे कार्यो में प्रगति लाने के साथ ही विभाग प्रमुखों को बकाया बिजली बिल का शीघ्र भुगतान करने के निर्देश दिए। बैठक में वनमण्डलाधिकारी श्री सत्यदेव शर्मा, अपर कलेक्टर श्री बीसी एक्का, परियोजना निदेशक डीआरडीए श्री आर के खूंटे सहित जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# भाई ने की भाई की हत्या डंडे से सिर में संघातिक चोट पहुचाने पर हुई इलाज के दौरान हुई मृत्यु

ग्यासुद्दीन

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



गौरेला पेंड्रा मरवाही- घटना दिनांक 24/11/ 22 की है चूकतीपानी निवासी गणेश एवं संतराम दोनों आपस में सगे भाई हैं गणेश आए दिन संतराम एवं उसकी पत्नी सफीला बाई से विवाद करते रहता था घटना समय को भी जब संतराम घर में नहीं था तो संत राम की पत्नी शफ़ीला बाई के साथ लड़ाई झगड़ा कर रहा था उसी समय संतराम घर आया तो गणेश सफीला बाई को मारपीट कर रहा था इसी दौरान संतराम आंगन में पड़े डंडा से गणेश के सिर में मारकर चोट पहुंचाया जिससे गणेश बेहोश हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जिसकी मृत्यु दिनांक 27/11/ 2022 को इलाज के दौरान हो गई। अस्पताल की सूचना पर से थाना गौरेला में मर्ग एवं अपराध कायम कर जांच में लिया गया। घटना की सूचना थाना प्रभारी गौरेला, के द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। *पुलिस अधीक्षक श्री यू. उदय किरण* के द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अर्चना झा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री अशोक वाडेगांवकर के निर्देशन में थाना प्रभारी गौरेला को तत्काल जांच कर वैधानिक कार्यवाही कर आरोपी गिरफ्तारी हेतु निर्देश दिए। थाना गौरेला प्रभारी निरीक्षक युवराज तिवारी एवं उनकी टीम के द्वारा प्रकरण में वैधानिक कार्यवाही करते हुए आरोपी से घटना में प्रयुक्त डंडा को जप्त कर आरोपी संतलाल यादव पिता भागीरथी यादव निवासी चुक्तिपानी थाना गौरेला जिला गौ0पे0म0 छ0ग0 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# रामायण मंडली प्रतियोगिता आयोजन हेतु आयुक्त आदिवासी विभाग को आवश्यक तैयारियां करने दिए निर्देश

रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर -सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान 1 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2022 तक समस्त विकास खण्डों में चलाया जायेगा सीएमएचओ को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने दिए निर्देश कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा ने समय-सीमा की बैठक में रामायण मंडली प्रतियोगिता आयोजन के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने राज्य शासन द्वारा पूर्व की भांति ही प्रथम चरण में ग्राम पंचायत स्तर पर जितने भी रामायण मंडलिया है उनके मध्य प्रतियोगिता आयोजित कर चयनित दलों को विकासखंड स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित कर विजेता रामायण मंडली दल को जिला स्तरीय प्रतियोगिता शासन के निर्देशानुसार आयोजित करने के निर्देश दिए। संस्कृति विभाग के चिन्हारी पोर्टल में पंजीकृत मानस मंडली को वाद्य यंत्र क्रय किए जाने हेतु सम्मान राशि 5 हजार रुपए प्रदान किया जाएगा। विकासखंड एवं नगरीय स्तर के मानस मंडलीयों को पंजीयन करने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को सभी आवश्यक तैयारियां करने निर्देशित किया। कलेक्टर सुश्री आरा ने जिले में सघन टीबी एवं कुष्ठ खोज अभियान 1 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2022 तक समस्त विकास खण्डों में चलाया जायेगा जिसकी पूर्व तैयारी हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी आवश्यक व्यवस्थाएं रखने निर्देशित किया। सीएमएचओ डॉ. आर एस सिंह ने बताया कि इस अभियान के दौरान प्रत्येक सम्भावित मरीजो की पहचान कर उनका जॉच एवं उपचार किया जायेगा, जिससे टीबी एवं कुष्ठ संक्रमण को रोका जा सके। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु नियमित मॉनिटरिंग व दिशा निर्देश अनुसार कार्य करने को कहा। सघन टीबी एवं कुष्ठ अभियान में मितानिनों के द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में 1 दिसम्बर से 21 दिसम्बर 2022 तक घर घर जाकर टीबी एवं कुष्ठ रोग के लक्षण के अधार पर सम्भावित मरीजों की पहचान की जावेगी। 16 से 21 दिसम्बर तक मितानिनों के द्वारा खोजे गये सम्भावित टीबी एवं कुष्ठ मरोजों का पुन: निरीक्षण सम्बन्धित क्षेत्र के आर एच ओ एवं एमटी के द्वारा किया जायेगा। सम्भावित टीबी एवं कुष्ठ मरीजों का सूची बनाकर पीएचसी एवं सीएचसी स्तर पर भेजा जायेगा। जहॉं पर भेजे गये सम्भावित मरीजों का सत्यापन कर पाये गये टीबी एवं कुष्ठ मरीजों का उपचार किया जावेगा। कलेक्टर ने जाति प्रमाण पत्र के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी से जानकारी ली तथा जिन बच्चों के जाति प्रमाण पत्र नहीं बने हैं उन्हें जाति प्रमाण पत्र बना कर लाभान्वित करें। जिससे शासन मिलने वाली सुविधा का लाभ मिल सके। उन्हाने जाति प्रमाण पत्र के लिए शिविर लगाने निर्देशित किया। उन्होंने बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को ध्यान मे रखते हुए यातायात नियमों एवं संकेतिक चिन्ह लगाने संबंधित विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने धान खरीदी के अद्यतन की स्थिति की जानकारी ली एवं अवैध परिवहन पर निरंतर निगरानी रखने सभी नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने समय अवधि में धान की उठाव सुनिश्चित करने निर्देशित किया। कलेक्टर ने सड़क निर्माण कार्य, मरम्मत कार्य गुणवत्तापूर्ण तरीके से समयावधि में पूर्ण करने पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई सहित सड़क निर्माण विभाग को निर्देशित किया। उन्होंने खराब हुए सभी सड़कों और गड्ढो के हिस्सों को पेचवर्क के माध्यम से सुधारा जा रहा है सड़क निर्माण कार्य को नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। स्कूल एवं कालेज में कार्यक्रम आयोजित करने निर्वाचन शाखा को निर्देशित किया। जल जीवन मिशन के प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित विभाग को शासन की मंशा अनुसार कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए तथा बेहतर क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम, संयुक्त कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, डॉक्टर प्रियंका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर नंदजी पांडे, एसडीएम ,उत्तम प्रसाद रजक, श्रीमती दीपिका नेताम, एसपी कार्यालय पुलिस निरीक्षक श्री धर्मानंद शुक्ला एवं विभाग के समस्त अधिकारी उपस्थित थे।

# शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में शिक्षक - अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया




रामचंद्र जायसवाल

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर जिले के दुर आंचल क्षेत्र चांदनी बिहार पुर में आज शासकीय नवीन महाविद्यालय चांदनी बिहारपुर में शिक्षक -अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों की इकाई मूल्यांकन परीक्षा परिणाम , उपस्थिति, विद्यार्थियों की पढ़ाई /अध्ययन तथा अन्य गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गई अतिरिक्त प्रभारी प्राचार्य एन के देवांगन के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्रशासनिक प्रभारी प्राचार्य धीरेंद्र जायसवाल ( सहायक प्राध्यापक वाणिज्य ) की अध्यक्षता में शिक्षक -अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों की इकाई मूल्यांकन परीक्षा परिणाम , उपस्थिति, विद्यार्थियों की पढ़ाई /अध्ययन तथा अन्य गतिविधियों पर विशेष चर्चा की गई द्य महाविद्यालय के प्राध्यापक चंद्रदेव, अखिलेश, सचिन कुमार मिंज,रितेश, प्रियांशु, शिखा दुबे एवं अभिभावक गण सम्मिलित हुए द्य